तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25.5 डिग्री

हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 10 जुलाई 2024




12 नगर परिषद ने रात के अंधेरे में सदर बाजार में तोड़े...



12 बदलाव अभियान के तहत दुनियावी शिक्षा से जुड़ा ..


SELECTIONS - 2024

NEET 73 | JEE Advanced 43 | CLAT 39 | CA Foundation 15

Affiliated to CBSE

YADUVANSHI GROUP OF SCHOOLS



लगातार शानदार परिणाम देने वाले रेपुटिड स्कूल में फ्री पढ़ने का सुनहरी मौका

SUPERB 100

IIT/NEET/CA/CLAT

Free Hostel and tuition fee classes 9th to 12th

I CAN DO

टेस्ट में अपार भागादीरी के लिए सभी बच्चों व अभिभावकों का धन्यवाद! 5606 बच्चों ने यह टेस्ट दिया। बहुत से बच्चों को फ्री पढ़ाने का ऑफर था परन्तु टेस्ट में सफलता निर्धारित से कम बच्चों ने पाई। यदुवंशी स्कूल आगे भी सभी बच्चों को इस तरह का अवसर देता रहेगा। कक्षावार निम्न बच्चों ने क्वालीफाई किया है जिनको मुफ्त शिक्षा व हॉस्टल सुविधा दी जाएगी:-

"I CAN DO TEST" RESULT (Held on 07 JULY, 2024)

| Class | Name | Father's Name | Address | Previous School |
|---|---|---|---|---|
| 9th | Ishika | Anil | Sain Chowk | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Anvi | Prashant | Jakhrana | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Nancy | Devender | Rasuli | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |
| 9th | Avi | Sushil | Bashipur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Saksham | Randheer | Neepur | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Sandhya | Bharat Singh | Khera | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Mahendergarh |
| 9th | Khushwinder | Amit | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Riya Bhardwaj | Roshanlal | Bapora | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Dhanimahu |
| 9th | Janvi | Dodram | Narnaul | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 9th | Priyanshi | Jitender | Asadpur | Rishi Public School, Rewari |
| 12th | Himanshu | Ramesh Kumar | Patikara | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Narnaul |
| 12th | Prachi | Ved Parkash | Uttam Nagar | Yaduvanshi Shiksha Niketan, Rewari |

यदुवंशी शिक्षा निकेतन आप सभी के स्वर्णिम भविष्य की कामना करता है।

OUR CAMPUSES

Mahendergarh: 9466341799 | Narnaul: 9468061387 | Thanwas: 9050784050 | Dhani Mahu: 9050007943 | Jind: 9053905361 | Gurugram Sec.92 : 9053905384 | Gurugram Sec.33: 9053905381
Kosli : 9053002458 | Satnali: 9812330666 | Rewari: 8901167461 | Hansi : 9053905366 | Sohali (Rajasthan): 9991217659 | Kanina: 9053048100 | Mandola: 7027134134 |

YADUVANSHI GROUP OF COLLEGES

यदुवंशी कॉलेज

CELEBRATING 29 YEARS OF EXCELLENCE

हर बार यदुवंशी सबसे आगे



तोड़े सारे रिकॉर्ड
इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में सर्वाधिक अंक पाने वाली
98.60 %
शिवानी पुत्री
श्री निरंजन सिंह

भारती पुत्री
श्री शिव कुमार
98.40%



यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी





79 Students Above 90% | 149 Students Above 85% | 241 Students Above 80% | 351 Students Above 75% | 473 Students Above 70%

ADMISSION OPEN 2024-25

Course Offered

B.Sc. (HONS): PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, BOTANY, ZOOLOGY
B.Sc.: MEDICAL, NON-MEDICAL, COMP. SCIENCE, YOGA
B.A., B.A. (HONS) ENGLISH, BBA, BCA
M.Sc.: PHYSICS, CHEMISTRY, MATHEMATICS, ZOOLOGY, BOTANY, COMP. SCIENCE, GEOGRAPHY
M.A.: ENGLISH, HINDI, HISTORY, POL. SCI., SANSKRIT, ECONOMICS
M.Com., B.Com., B.Com (HONS)
B.Sc. -B.Ed., B.A. - B.Ed. Four Years Integrated
M.Ed., B.Ed., D.EL.Ed., B.P.Ed., D.P.Ed.

Coaching for Competitive Exam
IIT-JAM GAT-B
NET/JRF SSC

B.Tech
CSE, ECE, ME, CE, EE
M.Tech
Polytech.
ITI



विभिन्न कोर्सों में यूनिवर्सिटी की टॉप-10 मैरिट लिस्ट में यदुवंशी सबसे आगे.....

University की मैरिट लिस्ट के टॉप-10 में स्थान पाने वाले विद्यार्थी

| 1st Position | 2nd Position | 3rd Position | 4th Position | 5th Position | 6th Position | 7th Position | 8th Position | 9th Position | 10th Position | मैरिट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | 13 | 12 | 12 | 11 | 15 | 12 | 9 | 12 | 12 | 123 सबसे अधिक |

राव बहादुर सिंह
चेयरमैन, यदुवंशी ग्रुप एवं पूर्व विधायक

AC Hostel Facility for Boys & Girls | NSS Unit Available | Up to 50 Kms.

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE
Rewari Road, Narnaul
8607052323 | 8607052424

YADUVANSHI DEGREE COLLEGE
Mahendergarh
8607062323 | 8607062424

RBS DEGREE COLLEGE
Thanwas, N. Chaudhary
8607052424

TECHNICAL COLLEGES
Narnaul - 8607052323
Sohali - 9728396599

EDUCATION COLLEGES
Narnaul - 8222852523
Sohali - 9991904068
Dhani Mahu - 8949371674
M.Garh - 7056720275
Ch. Dadri - 7027135135

## खबर संक्षेप

### चार साल के बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर

**यमुनानगर।** शहर की पुराना हमीदा कॉलोनी में घर के बाहर खेल रहे चार वर्षीय बच्चे को बाइक चालक ने टक्कर मार दी। अनियंत्रित हुई बाइक बच्चे के ऊपर गिर गई। जिससे बच्चे की दोनों टांगे टूट गई। घायल बच्चे का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आत्मापुरी कॉलोनी निवासी महराज की शिकायत पर आरोपी बाइक चालक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### दुकान से 65 हजार तथा पर्स से 10 हजार चोरी

**यमुनानगर।** चोरों ने गांव शादीपुर स्थित एक दुकान से 65 हजार रुपये तथा आईटीआई के नजदीक स्थित ऑटो में रखे पर्स से 10 हजार रुपये चोरी कर लिए। गांव शादीपुर निवासी अवनीश गिरी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार दोपहर में वह दुकान बंद करके किसी काम से बाहर गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो दुकान खुली पड़ी थी। अंदर दराज में रखे 65 हजार रुपये गायब थे। उधर, एकता विहार कॉलोनी निवासी तारा रानी ने बताया कि वह किन्नर है। रविवार शाम करीब छह बजे वह अपना पर्स ऑटो में रखकर सब्जी लेने लगी तो पीछे से बाइक पर सवार होकर एक युवक आया और उसका पर्स चोरी कर मौके से भाग गया।

### मारपीट मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर की द्वारकापुरी कॉलोनी में रंजिश को लेकर परिवार के कुछ लोगों ने एक युवक पर हमला कर दिया। जब घायल युवक का पिता व भाई उसे बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया।द्वारकापुरी कॉलोनी निवासी रजत कुमार ने बताया कि वह कार टैक्सी का काम करता है। रोज की तरह रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने घर लौट रहा था। जब वह घर के पास पहुंचा तो उनकी कॉलोनी के ही सुंदर, उसकी पत्नी, बेटे डैनी, अजय, निखिल व तीन-चार अन्य लोगों ने उसकी गाड़ी को रुकवा लिया। गाड़ी रोकते ही आरोपियों ने उस पर डंडों व सोटे से हमला कर दिया।

# जगाधरी शहर के लिए इटीपी प्लांट हुआ मंजूर

## लगभग 99 करोड़ रुपये की लागत से बनकर होगा तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के जिला प्रधान व अन्य सदस्यों ने कृषि मंत्री व प्रदेश सरकार का जताया आभार

हरियाणा सरकार द्वारा जगाधरी शहर की मेटल इंडस्ट्रीज से वेस्टेज के रूप में निकलने वाले दूषित पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए परवालो में इटीपी प्लांट मंजूर किया है। इटीपी प्लांट मंजूर होने पर हरियाणा व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्यों ने मंगलवार को कृषि मंत्री कांवरपाल को पुष्पगुच्छा देकर उनका और सरकार का आभार जताया।



यमुनानगर के जगाधरी में कृषि मंत्री कांवरपाल का आभार जताते हुए व्यापार कल्याण बोर्ड के सदस्य।

व्यापार कल्याण बोर्ड जिला यमुनानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि जगाधरी शहर की मैटल इंडस्ट्री की काफी लंबे समय से इटीपी प्लांट लगाए जाने की मांग चली आ रही थी । इस मांग को लेकर बोर्ड के सदस्यों ने कृषि मंत्री कांवरपाल से मिलकर समस्या के निदान के लिए अपील की थी। जिसके बाद कैबिनेट मंत्री कंवरपाल के अथक प्रयासों से जगाधरी के परवालो में ईटीपी प्लांट मंजूर हुआ है । उसका अब 98.60 लाख रुपए की लागत से टेंडर पास हो गया है। हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने बताया कि यह ईटीपी प्लांट बनने के बाद मैटल इंडस्ट्री से निकलने वाले दूषित पानी से होने वाली समस्याओं से मैटल वालों इंडस्ट्री सहित आम शहर वासियों को भी अत्यधिक फायदा होगा । इससे जगाधरी शहर में होने वाली बीमारियों से भी छुटकारा मिलेगा व मैटल इंडस्ट्री के उत्पादों को भी बढ़ावा मिलेगा। मैटल इंडस्ट्री में इस इटीपी प्लांट के लग जाने से एक नई जान आने की उम्मीद है।समस्त मैटल इंडस्ट्री के कारोबारियों ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व सरकार का धन्यवाद किया है।

### उद्योग कारोबारियों को नही आने दी जाएगी कोई समस्या

हरियाणा के कृषि मंत्री कंवरपाल ने बोर्ड के सदस्यों को आश्वासन दिया कि जगाधरी के लोगों व मैटल इंडस्ट्री के संचालक भाईयों की मांग पर वह हर कार्य कराएंगे जो उनकी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सदैव जगाधरी शहर के व्यापारी भाईयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और उन्हें आगे भी जिस किसी कार्य की जरूरत होगी वह कार्य बीजेपी सरकार द्वारा तुरंत प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा।

# भारतीय किसान संघ ने उन्हेड़ी में किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- पौधरोपण करके बच्चों का भविष्य करें उज्जवल : डबास



यमुनानगर के उन्हेड़ी में किसानों को पौधे वितरित करके पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करते उप कृषि निदेशक डॉ. आदित्य डबास।

भारतीय किसान संघ के तत्वावधान में गांव उन्हेड़ी में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जिला कृषि उप निदेशक डॉ. आदित्य डबास ने देवी मंदिर में कदम का पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया। अध्यक्षता भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने की। उप कृषि निदेशक डॉक्टर आदित्य डबास ने कहा कि यदि धरती पर पेड़ नहीं रहेगें तो 2050 तक हमारा जीवन भी समाप्त हो जाएगा। पेड़ हमें भरपूर मात्रा में ऑक्सीजन देते हैं और हम से कोई पैसा भी नहीं लेते हैं। यह कुदरत का नायाब तोहफा है। पौधारोपण से आने वाले अपने बच्चों का भविष्य भी उज्जवल करें। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष पिंटू राणा ने कहा कि संघ द्वारा जिले में 10 हजार पौधे लगाए जाएंगे। संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने कहा कि धरती को हरा भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने में हर व्यक्ति अपना सहयोग करे।

इस अवसर पर प्रताप सिंह खजूरी, ओम प्रकाश, प्रदीप राणा, शेर सिंह ,नीरज राणा, मोहित राणा, ब्लॉक अध्यक्ष सुशील कांबोज, नरेश कांबोज, अनिल मारुपुर, विकास राणा व कपिल उन्हेड़ी आदि मौजूद रहे।

# अवैध निर्माण पर चला विभाग का पीला पंजा



यमुनानगर के गुलाब नगर क्षेत्र में अनधिकृत कॉलोनी में अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए जेसीबी की मशीन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- बिना अनुमति के तीन स्थानों पर आबाद हो रही थी अनाधिकृत कॉलोनियां

जिला नगर योजना विभाग की टीम ने मंगलवार को बिना अनुमति के जगाधरी, गोबिंदपुरा व गुलाब नगर क्षेत्र में आबाद हो रही तीन कॉलोनियों में किए जा रहे अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ढ़हा दिया। मंगलवार को जिला नगर योजनाकार अशोक गर्ग के नेतृत्व में व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रुप में नायब तहसीलदार जगाधरी अमित कुमार की मौजूदगी में विभाग की टीम पुलिस बल के साथ जगाधरी क्षेत्र में बन रही अवैध कॉलोनी में पहुंची और वहां बन रहे अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ढहा दिया। इसके बाद टीम ने गोबिंदपुरा व गुलाब नगर में पहुंचकर वहां बन रही दो अनाधिकृत कॉलोनियों पर कार्रवाई की। मौके पर जिला नगर योजनाकार अशोक गर्ग ने बताया कि हरियाणा नगरीय क्षेत्र विकास एवं विनियमन अधिनियम 1975 के प्रावधानों के अनुसार व उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में तीनों स्थानों जगाधरी, गोविंदपुरा और गुलाब नगर क्षेत्र में बन रही तीन अनाधिकृत कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत आवासीय कॉलोनियों में पूरे क्षेत्र में फैली सभी सड़कों, डीपीसी तथा सीवेज प्रणाली समेत अन्य निर्माण कार्य को जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया है।

## वैज्ञानिक सलाहकार समिति की वार्षिक बैठक में बोले डॉ.बलवान सिंह

# तालमेल बनाने से गुणवत्तापरक व रसायनमुक्त भोजन प्राप्त होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- किसानों से उत्पादन में जैविक विधि अपनाने का आह्वान किया

कृषि विज्ञान केंद्र दामला की ओर से 29वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. बलवान सिंह मंडल कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा की गई।



यमुनानगर के गांव दामला में आयोजित कार्यक्रम में जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

डॉ.बलवान सिंह ने बताया कि केंद्र द्वारा ऐसे कार्य किए जाने चाहिए जिसका लाभ भूमिहीन किसान से लेकर बड़े जमीदार सभी को प्राप्त हो सके। उन्होंने प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से कृषि से जुड़े सभी विभागों को भी सलाह दी कि एक तालमेल बनाकर कार्य करें तो किसान को एक ही स्थान पर सभी सुविधाएं मिल पाएंगी। उन्होंने बताया कि यदि वैज्ञानिक व किसान सभी विभागों में तालमेल बना रहेगा तो कृषि के माध्यम से गुणवत्ता पर व रसायनमुक्त भोजन प्राप्त होगा। परिणाम छोटी से लेकर बड़ी बीमारियां जो कि हमारे खान-पान के माध्यम से उत्पन्न होती हैं का भी समाधान होगा। उन्होंने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम, किसान भ्रमण, कृषि प्रदर्शनी, फसल प्रदर्शनी, प्रगतिशील किसान पुरस्कार के सांझा कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किसान दलहनी, तिलहनी, अनाज, मोटे अनाज, नगदी फसलें जैसे गन्ना, सफेदा व पॉपुलर आदि को उगाएं ताकि कम से कम भूमि से अधिक से अधिक उपज व लाभ प्राप्त किया जा सके। इसके अलावा मधुमक्खी पालन, खुम्ब उत्पादन व डेरी उत्पादन से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे इनके उत्पादन में जैविक विधि अपनाएं तो किसानों को अच्छे स्वास्थ्य के साथ-साथ अच्छी आमदनी भी प्राप्त होगी।

### ये रहे मौजूद

मौके पर मुख्य सलाहकार डॉ.एनके गोयल, वानिकी विशेषज्ञ डॉ.अनिल कुमार, डॉ.विशाल गोयल, इंजीनियर कपिल सिंगला व तकनीकी सहायक डॉ.करण सिंह आदि मौजूद थे।

कृषि विज्ञान केंद्र के समन्वयक डॉ.संदीप रावल ने गत वर्ष 2023-24 में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विस्तार गतिविधियों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट एवं वर्ष 2024-25 की कार्य योजना सांझा की। उन्होंने सभी कार्य को प्रारूप देने तथा वैज्ञानिकों को इस बारे में आवश्यक जानकारी जुटाकर व किसानों की सभी प्रकार की कृषि समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए, किसान कल्याण के लिए सभी आवश्यक कायार्ें को करने हेतु कृषि विज्ञान केंद्र के आवश्यक कार्य में सम्मिलित करने का भरोसा दिलाया।

# जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत नए न्यायाधीशों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर के जिला न्यायालय जगाधरी में आयजित सम्मान समारोह में नए आए जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अभिनंदन करते हुए एसोसिएशन के प्रधान व अन्य पदाधिकारी।

जिला बार एसोसिएशन जगाधरी के तत्वावधान में बार भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश समेत नए आए न्यायाधीशों को पुष्प गुच्छा भेंटकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्यातिथि के रुप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चन्द्र डिमरी ने भाग लिया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के प्रधान अधिवक्ता अरुण ढांडा ने की। मंच संचालन एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक बागड़ ने किया।

एसोसिएशन के प्रधान एवं अधिवक्ता अरुण ढांडा ने बताया कि जिला न्यायालय जगाधरी में आए नए न्यायाधीशों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नए आए जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश चंद, प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट जगजीत सिंह, एसीजेएम सुश्री दीक्षा दास रंगा, एसीजे (एसडी) सुश्री सुमित्रा कादियान, सीजे (जेडी) हरलीन कौर, सीजे (जेडी) ऋषभ अग्रवाल, सीजे (जेडी) नेहा सिंह का पुष्पगुच्छ भेंट कर एसोसिएशन द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के उपप्रधान रविन्द्र सिंह संधू, सह सचिव शानु शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सैनी, पूर्व प्रधान जिले सिंह, पूर्व प्रधान यशपाल सिंह राझेड़ी, पूर्व प्रधान धूम सिंह कांबोज, पूर्व प्रधान पवन कुमार पुनिया, करनैल सिंह जगूड़ी, गुरशरण सिंह रिन आदि अन्य अधिवक्ता आदि मौजूद रहे।

# पक्का करने की मांग को लेकर रादौर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- सहकारी बैंकों के कच्चे कर्मचारी मांगों को लेकर विधायक से मिले

जिला सहकारी बैंकों के कच्चे कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर रादौर विधायक डॉ.बिशन लाल सैनी से मिला। इस दौरान उन्होंने एक ज्ञापन सौंपकर उन्हें विभाग में पक्का करवाए जाने की मांग की।



यमुनानगर के रादौर में अपनी मांगों को लेकर विधायक डॉ.बीएल सैनी को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

ज्ञापन में कहा गया कि विभाग में वषार्ें से कार्य कर रहे कर्मचारियों को पक्का किया जाये। समान काम समान वेतन दिया जाये। विधायक डॉ.बीएल सैनी ने कहा कि जिला सहकारी बैंकों के आधुनिकीकारण व कंप्यूटरीकरण में अनुबंधित कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कोरोना काल जैसी महामारी में भी अनुबंधित कर्मचारियों ने जीवन दांव पर रखकर जन सेवा की है, परंतु अनुभव व कार्यकुशलता के बावजूद इन कर्मचारियों का रोजगार असुरक्षित है।जिला सहकारी बैंकों के कच्चे कर्मचारी सेवा कर रहे हैं। इनकी सेवा को देखते हुए जब भी विधानसभा सत्र चलेंगे, हरियाणा के सभी जिला सहकारी बैंकों के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की आवाज उठाई जाएगी। मौके पर वीरेंद्र चौहान नागल, अर्जुन सिंह धौड़ंग, अरविंद कांबोज कांजनू, कृष्ण कुमार भगवानगढ़, अमित सिंगला गुमथला, विजय पलाका, स्नेहलता रादौर, रिंकू कांबोज चमरोड़ी, रण सिंह बहादुरपुर, सुखबीर सिंह जठलाना, सरदीप सिंह गुंदीयाना आदि थे।

## न्यूज डायरी

### महाराणा प्रताप पार्क में लहराएगा 108 फुट का तिरंगा



**रादौर।** कुरूक्षेत्र लोकसभा से सांसद नवीन जिंदल की ओर से रादौर के महाराणा प्रताप पार्क में विशाल राष्ट्रीय ध्वज के रूप में 108 फुट का तिरंगा लगवाया जाएगा। इसके लिए फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया की टीम ने पार्क का दौरा करके स्थिति का मुआयना किया। टीम ने बताया कि सांसद नवीन जिंदल के निर्देशानुसार 15 अगस्त से पहले इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। गौरतलब है कि रोटरी क्लब सहित कई अन्य संस्थाओं ने इस पार्क में राष्ट्रीय ध्वज लगवाने की मांग सांसद नवीन जिंदल के समक्ष रखी थी। सांसद नवीन जिंदल ने फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मार्फत इस कार्य को पूरा करवाने का आश्वासन दिया था। मौके पर मंडल अध्यक्ष विरेंद्र हैपी खेड़ी, हरपाल सिंह मारूपुर, हरबंस लाल सैनी ऊंचा चंदना, रवि मौदगिल फर्कपुर, विपिन कांबोज, सुरेंद्र सिंह चीमा, सतीश सैनी, रूपेन्द्र मल्ली, अमित कांबोज आदि मौजूद थे।

### हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ने सौंपा ज्ञापन

**यमुनानगर।** हरियाणा यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट यमुनानगर के शिष्टमंडल ने मंगलवार को अपनी मांगों से संबंधित मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूनियन के जिला प्रधान राकेश भारती ने किया।

### युवक ने दो किशोरों से किया कुकर्म, गिरफ्तार

**यमुनानगर।** शहर के सेक्टर 17 थाना क्षेत्र में एक युवक ने कुल्फी खिलाने के बहाने से नौ व सात वर्षीय सगे भाईयों को खेत में ले जाकर उनके साथ कुकर्म किया। आरोपी ने उन्हें इस बारे किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। जब दोनों बच्चों की तबीयत खराब हुई तो उन्होंने अपने परिजनों को घटना के बारे में बताया। शहर की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह और उसकी पत्नी मेहनत मजदूरी करते है। रोज सुबह वह दोनों काम पर चले जाते हैं। शाम को घर आते हैं। घर पर उनका नौ वर्ष व सात वर्ष के दो बेटे रहते है। एक सप्ताह पहले वह और उसकी पत्नी अपने काम पर गए हुए थे। आरोप है कि इस दौरान उनकी कॉलोनी में ही रह रहा आशु उसके दोनों बेटों को कुल्फी खिलाने के बहाने अपने साथ खेत में ले गया। जहां आरोपी ने उसके दोनों बेटों के साथ कुकर्म किया। आरोपी ने इस बारे में किसी को बताने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी आशु के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### बीजों की मनी किट पर दिया जा रहा है अनुदान

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार सभी वगोंर् के कल्याण व प्रोत्साहन के साथ साथ बागवानी किसानों के लिए कृतसंकल्प है। इसी के तहत सरकार द्वारा चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा विकसित की गई सब्जी की किस्मों के बीजों की मिनी किट पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि भिंडी फसल की वर्षा उपहार किस्म जिसकी पैकिंग 1.5 किलोग्राम है और बिक्री दर प्रति मिनी किट 255 रुपये है। जिस पर 127.50 रुपये अनुदान राशि 50 प्रतिशत प्रति मिनी किट का प्रावधान किया गया है। किसान का हिस्सा 127.50 रुपये प्रति मिनी किट निर्धारित किया गया है। भिंडी फसल की हिसार उन्नत किस्म जिसकी पैकिंग 4 किलोग्राम है और बिक्री दर प्रति मिनी किट 680 रुपये है। जिस पर 340 रुपये अनुदान राशि 50 प्रतिशत प्रति मिनी किट तथा किसान का हिस्सा 340 रुपये प्रति मिनी किट तथा भिंडी फसल की हाइब्रिड एचबीएच-142 किस्म जिसकी पैकिंग 750 किलोग्राम है और बिक्री दर प्रति मिनी किट 555 रुपये है। जिस पर 277.50 रुपये अनुदान राशि 50 प्रतिशत प्रति मिनी किट व किसान का हिस्सा 277.50 रुपये प्रति मिनी किट निर्धारित किया गया है।

## समाधान शिविर

## जिलास्तरीय समाधान शिविर में आई 54 शिकायतें

# शिविरों में प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है समस्याओं का समाधान : उपायुक्त

### अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार द्वारा अधिकांश समस्याओं का मौके पर किया समाधान

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में मंगलवार को आयोजित जिलास्तरीय समाधान शिविर में 54 शिकायतें रखी गई। जिनमें से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकांश का मौके पर समाधान कर दिया और शेष को संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।



यमुनानगर के जिला सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका हल करके शिकायत कर्ताओं को संतुष्ठ कर रहे हैं। समाधान शिविर में नागरिकों की प्रॉपर्टी, आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं आदि समस्याएं सुनी गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार को शिविर में करीब 54 शिकायतकर्ता परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी, आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड संबंधित अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि इन शिविरों में मुख्यतः जनता से सीधे रूप से जुड़े प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन रजिस्ट्रेशन, स्थानीय शहरी निकाय से संबंधित मकान का नक्शा तथा नो ड्यूज प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड और राशन वितरण, बिजली, पानी व सिंचाई आदि के अलावा क्राइम संबंधित समस्याएं सुनी गई और उनका मौके पर ही समाधान किया गया।

### इनकी समस्याओं का मौके पर हुआ समाधान

स दौरान शिविर में शिव नगर निवासी सलमा, झगूड़ी निवासी पूजा का परिवार पहचान पत्र ठीक किया गया। शिव कॉलोनी निवासी शमीना खातून की परिवार पहचान पत्र में आयु ठीक होने के बाद बुढापा पेंशन लगाई गई। इंडस्ट्री एरिया निवासी दीलिप सिंह की विधुर पेंशन लगाई गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पूनिया ने समाधान शिविर में आई पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का मौके पर संबन्धित थाना प्रभारियों को समाधान करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर समाधान शिविर में एसडीएम जगाधरी सोनू राम, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### दुकानदार ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव में दुकानदार ने 15 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म किया। सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 15 साल की बेटी दुकानदार तेजपाल के पास से सामान लेने जाती थी। कुछ दिन से उसकी बेटी दुकान पर सामान लेने नहीं जा रही है और डरी हुई है। जब उसने बेटी को दुकान से सामान लाने को कहा तो उसने दुकान पर जाने से मना कर दिया। जब उसने अपनी बेटी को दुकान पर न जाने का कारण पूछा तो उसने बताया कि दुकान वाले तेजपाल अंकल उसके साथ दो-तीन साल से गलत काम करते आ रहे है। अंकल ने इस बारे में किसी को कुछ बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ छह पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### प्री लोक अदालत का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश सुश्री आराधना साहनी के मार्गदर्शन में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय भारत द्वारा आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत को लेकर प्री लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके तहत पार्टिज को एडीआर सैंटर में बुलाया गया और मैडिएशन सैंटर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी द्वारा मध्यस्था करवाने का प्रयास किया गया।

### ऑनलाइन पोर्टल बना विद्यार्थियों की पहली पसंद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लागू की गई एकीकृत विश्वविद्यालय प्रबंधन प्रणाली की आटोमेशन में अहम भूमिका है। आईयूएमएस सिस्टम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए है। विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए भविष्य में विश्वविद्यालय को पूर्णतया डिजीटलाईज करने की दिशा में आईयूएमएस प्रणाली को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में चरणबद्ध तरीके से विश्वविद्यालय में लागू किया जा रहा है।

### कैंपस के निर्माण में तेजी लाने के लिए भेजा पत्र

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। अपने संकल्प को पूरा करने के लिए, सांसद नवीन जिंदल क्षेत्र के विकास के लिए प्रत्येक विभाग पर नजर बनाए हुए हैं। इसी कड़ी में उन्होंने श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर प्रो. विद्या करतार सिंह धीमान के अनुरोध पर मुख्यमंत्री नायब सिंह को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में, सांसद ने मुख्यमंत्री से श्री कृष्णा आयुष विश्वविद्यालय में नए कैंपस के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए निवेदन किया है।

### रिचार्जिंग अर्थ कॉन्क्लेव का आयोजन आज

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के अधीक्षण अभियंता अरविंद कौशिक ने कहा कि हरियाणा सरस्वती हेरिटेज विकास बोर्ड और राष्ट्रीय पारिस्थितिकी पर्यावरण उत्तरदायित्व (नीर)के सहयोग से रिचार्जिंग अर्थ कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा। इस रिचार्जिंग अर्थ कॉन्क्लेव का आयोजन 10 जुलाई को सुबह 11 गांव कौलापुर के पंचायत भवन में किया जाएगा।

### आशा वर्कर करेगी 11 जुलाई को विरोध प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** आशा वर्कर की जिला प्रधान पिंकी व जिला सचिव कुशमलता ने बताया ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लगातार आशा वर्कर्स पर बिना मानदेय ऑनलाइन काम करने का दबाव बना रही है, हरियाणा सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया था कि केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव से पहले आशा वर्कर के मानदेय में बढ़ोतरी करेगी और हरियाणा सरकार भी आशाओं के मानदेय में कुछ बढ़ोतरी करेगी।

# हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी धूमधाम से मनाएगी स्थापना दिवस : भूपिंदर

- ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाडा साहिब में होगा समागम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी अपना स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह के साथ मनाएगी। दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज की चरण छौह प्राप्त ऐतिहासिक गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाडा साहिब पंचकूला में स्थापना दिवस पर संस्था द्वारा समागम करवाया जाएगा। यह जानकारी हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने दी। संस्था के हैड ऑफिस कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने बताया कि 14 जुलाई को एचएसजीएमसी के स्थापना दिवस पर समागम करवाया जाएगा। समागम में प्रदेश भर से संगत पहुंचेगी। समागम में रागी जत्थे शबद कीर्तन करेंगे, वहीं ढाडी जत्थे अपनी वारों से संगत को गुरु इतिहास से जोडेगें। यही नहीं, कविशरी जत्थे भी संगत को इतिहास का जिक्र करेंगे। जिला करनाल के गांव अम्मूपुर में सिख परिवारों को बेघर करने के मामले पर बोलते हुए जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि इस संदर्भ में संयुक्त सचिव गुलाब सिंह मुनक, स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना व मैंबर साहब सिंह चक्कू की तीन सदस्यीय जांच कमेटी बनाई गई, जो कि जल्द ही जांच कर अपनी रिपोर्ट देंगे। रिपोर्ट आने के बाद हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी से मुलाकात उन्हें पूरे मामले की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवारों को राशन देने के लिए स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना घटनास्थल पहुंचे थे। पीड़ित परिवारों से बातचीत कर उनसे पूरे प्रकरण की जानकारी ली गई है।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना।

### हरियाणा कमेटी के लिए संघर्ष करने वालों को किया जाएगा सम्मानित : अजराना

हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के स्पोकसमैन कवलजीत सिंह अजराना ने कहा कि स्थापना दिवस समागम में प्रदेश की अलग कमेटी के लिए संघर्ष करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक हरियाणा कमेटी का संघर्ष चला और साल 2014 में प्रदेश की तत्कालीन हुड्डा सरकार ने हरियाणा विधानसभा में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का विधेयक पारित किया था। इसलिए हर साल 14 जुलाई को हरियाणा कमेटी का स्थापना दिवस मनाया जाता है। अम्मूपुर गांव में सिख परिवारों को बेघर करने के मामले पर बोलते हुए अजराना ने कहा कि रंजिश के चलते यह सब हुआ है, जिसके खिलाफ हरियाणा कमेटी आवाज बुलंद करेगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित सिख परिवारों को न्याय दिलाने के लिए संस्था हर आवश्यक कदम उठाएगी। इस बारे में प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी से भी उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा कमेटी द्वारा शिक्षण संस्थानों पर काम किया जा रहा है। शिक्षा स्तर बढ़ाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी के चलते कुरुक्षेत्र में भी संस्था द्वारा स्कूल बनाया जाएगा, जिसका नींव पत्थर जल्दी ही रखा जाएगा।

## राज्यमंत्री ने अयोध्या रामलला दर्शन के लिए बस को दिखाई हरी झंडी

# धार्मिक तीर्थ स्थलों के श्रद्धालुओं को करवाएं जा रहे निःशुल्क दर्शन : सुधा

निकाय मंत्री ने बस में जाकर भक्तों से बातचीत कर शुभकामनाएं दी






कुरुक्षेत्र। बस को रवाना करते राज्य मंत्री सुभाष सुधा व बस में सवार श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मंगलवार को पंचायत भवन से कुरुक्षेत्र से अयोध्या धाम यात्रा के लिए बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। यहां पहुंचने पर जीएम रोडवेज शेर सिंह, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार व अन्य ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर निकाय मंत्री ने बस में जाकर श्रद्घालुओं से बातचीत की और उनकी शुभयात्रा के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने 108 बार जय श्रीराम का नारा लगाकर श्रद्धालुओं में जोश भी भरा। इस बस यात्रा के लिए उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह का थानेसर विधानसभा क्षेत्र की तरफ से उनका धन्यवाद किया। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां पर बहुत बड़ी संस्कृति है, तीर्थ स्थल है, जिसका हर आदमी दर्शन करना चाहता है। तीर्थ स्थलों का दर्शन करने से सुखमय प्राप्ति होती है। मुख्यमंत्री नायब सिंह के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत श्रद्घालुओं को निशुल्क हरियाणा रोडवेज की एसी बस के माध्यम से अयोध्या धाम की यात्रा करवाई जा रही है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह है। इससे पहले थानेसर से श्रद्धालुओं की मांग पर श्री खाटू श्याम तीर्थ, मथुरा व अन्य तीर्थ स्थलों के लिए भी बस चलाई गई है। इसी कड़ी में आज यहां से अयोध्या धाम के लिए बस चली है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे और अपने आपको काफी गौरवान्वित भी महसूस करेंगे। बता दें कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रत्येक जिले से यह बस अयोध्या धाम जा रही है। कुरुक्षेत्र के साथ-साथ अंबाला, करनाल, कैथल, जींद से यह बस जा चुकी है। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा बस में जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था के साथ-साथ दोपहर व रात्रि भोजन व रात्रि विश्राम की बेहतर व्यवस्था की गई है।

### श्रद्धालुओं ने जताई खुशी

श्रद्धालु जोगिंद्र सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो यह बस चलाई गई है, उससे श्रद्घालुओं में काफी खुशी है। अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के साथ-साथ अन्य मंदिरों के दर्शन करने का उन्हें सौभाग्य मिला है, वह अपनी पत्नी के साथ अयोध्या धाम यात्रा के लिए जा रहे है, जिसके लिए वे स्थानीय राज्यमंत्री सुभाष व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार प्रकट करते है। श्रद्धालु ओमवती ने हरियाणा सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि बस में काफी अच्छी सुविधाएं प्रदान की गई है। बस में एसी के साथ-साथ जलपान की व्यवस्था की गई है। इसके साथ-साथ एक किट भी उन्हें प्रदान की गई है। इस मौके पर जिला परिषद के वाइस चेयरमैन धर्मपाल चौधरी, जनसंपर्क विभाग के परियोजना अधिकारी डा. पवन, एआईपीआरओ बलराम शर्मा, अधीक्षक हाकिम सिंह सहित संबंधित अधिकारी व श्रद्धालु उपस्थित थे।

# भाजपा राज में हुआ जातिवाद व भ्रष्टाचार का खात्मा: डीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जनसभा को संबोधित करते जय भगवान शर्मा डीडी।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयास और नीतियों ने भारतवर्ष को नई पहचान दी है। आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश बीजेपी की नीतियों के चलते आज जातिवाद और क्षेत्रवाद खत्म हुआ है। डीडी शर्मा थानेसर शहर वार्ड 15 के अंतर्गत आने वाले रतगल में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। देश को आजाद हुए 75 साल हो गए परंतु आज भी देश में एक वर्ग को हक और इंसाफ के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रतगल पहले गांव होता था परन्तु शहरी चकाचौंध और विकास ने रतगल की पहचान छीन ली। आज शहरी क्षेत्र होने के बावजूद रतगल विकास से अछूता हैं। डीडी शर्मा ने रतगल के लोगों से संवाद किया और दावा किया कि अगर उन्हें मौका मिला तो वे रतगल को विशेष पहचान देंगे। सेक्टर सात के पार्ट रतगल में डीडी शर्मा को छत्तीस बिरादरी के लोगों का भारी जनसमर्थन मिला, यहां गणमान्य लोगों ने पंडित जय भगवान शर्मा को पगड़ी पहनाकर आगामी विधानसभा चुनाव में सहयोग, समर्थन का आश्वासन दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी जय भगवान शर्मा डीडी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनका थानेसर निर्माण थानेसर कार्यक्रम जारी है, हर जगह उन्हें जनता का भारी समर्थन मिल रहा है, उन्होंने कहा कि रतगल के बिना उनका निर्माण थानेसर अभियान अधूरा है। उन्होंने जनता से वादा किया कि आपके सहयोग और समर्थन से इस गांव को भी शहर बना देंगे। गांव की सड़कों सूंदर व पक्की करेंगे और सभी आधुनिक सुविधाएं यहां लाएंगे।

### सामाजिक विषयों पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**थानेसर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिपली में इको क्लब फोर मिशन लाइफ के सात दिवसीय समर कैम्प का समापन हुआ। इको क्लब हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार ग्रीष्म कालीन कैम्प सफलतापूर्वक सुचारू रूप से आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्या शशि किरण ने बताया कि विद्यालय में प्रतिदिन की जाने वाली हर एक्टिविटी को इको क्लब के छात्र - छात्राओं ने सुचारू रूप से पूर्ण किया। सात दिन संवेदनशील विषयों जैसे पानी बचाओ, उर्जा बचाओ, हेल्दी लाइफ स्टाइल, सस्टेनेबल फूड सिस्टम, से नो ट सिंगल यूज प्लास्टिक व कचरे से निपटान आदि संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। अलग-अलग गतिविधियां करवाई गई। क्लाइमेट चेंज जैसे संवेदनशील विषयों से बच्चों को अवगत करवाया गया। अंत में प्रधानाचार्या शशि किरण ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर इको क्लब इंचार्ज मयूरी, जगदीप सिंह, कमलेश बतरा, सुरेश कुमार, आशिमा आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को दिखाएगी बाहर का रास्ता : हरमंदीप



पिहोवा। कांग्रेस के जनसंपर्क अभियान के तहत भटेड़ी प्लांट में वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरमंदीप सिंह विर्क।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरमंदीप सिंह विर्क ने विधानसभा चुनाव को लेकर जनसंपर्क अभियान के तहत गांव भटेड़ी प्लांट का दौरा किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा चुनाव की तैयारी आरंभ कर दी है। प्रदेश की जनता ने जन विरोधी और तानाशाही भाजपा को सत्ता से बाहर करने का पूरा मन बना लिया है। इस बार कांग्रेस 70 से अधिक विधानसभा सीटें जीतेगी। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 31 विधानसभा सीटें जीती थी, मगर तब हम एक भी लोकसभा सीट नहीं जीत पाए थे। इस बार कांग्रेस ने पांच लोकसभा सीटें जीती है। कांग्रेस का वोट प्रतिशत 20 प्रतिशत तक बढ़ा है और भाजपा का करीब 12 प्रतिशत घटा है। हमारे संगठन के कार्यकर्ताओं ने भाजपा के पन्ना प्रमुखों के सारे पन्ने फाड़ दिए। भाजपा कांग्रेस के बढ़ते जनाधार से बोखला गई है। भाजपा द्वारा अपना हक मांग रहे किसानों पर जिस तरह से लट्ठ बरसाए थे। वह बात किसान भूले नहीं है। जिसकी बानगी किसानों ने लोकसभा चुनाव में भाजपा को दिखा दी है और अब विधानसभा चुनाव में प्रत्येक वर्ग भाजपा को स्पष्ट रूप से बाहर का रास्ता दिखा देगा।

### सुभाष सुधा ने किया संस्कृति बोधमाला की पुस्तकों का विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** गीता विद्यालय के वंदना सत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित संस्कृति बोधमाला की नवीन पुस्तकों के विमोचन कार्यक्रम में हरियाणा के शहरी निकाय मंत्री सुभाष सुधा एवं उत्तर क्षेत्र के महामंत्री देशराज शर्मा हरियाणा हिंदू शिक्षा समिति के संरक्षक सत्यनारायण गुप्ता व विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक रोशा ने मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुलश्रेष्ठ ने आए हुए अतिथिगण का परिचय करवाया। सुभाष सुधा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं भी इसी विद्यालय का पूर्व छात्र हूं और हमारे समय भी संस्कृति ज्ञान परीक्षा होती थी जिसके द्वारा मैंने यहीं से संस्कार ग्रहण करते हुए समाज व राष्ट्रहित में काम कर रहा हूं मेरा आप सभी छात्रों से निवेदन है कि आप सभी छात्र संस्कृत बोध परियोजना की तैयारी करते हुए देश व समाज हित में काम करते हुए देश विदेश में अपनी महान संस्कृति का गुणगान करे। सैनी स्कूल के प्रिंसिपल साहिल शर्मा व सुमन सागवान, गीता निकेतन विद्यालय के प्राचार्य नारायण सिंह, सेक्टर 3 के प्राचार्य सुमित, मेजर नितिन बाली के प्राचार्य सोमनाथ शर्मा, मोहन नगर विद्यालय के प्राचार्य यशपाल नारंग से शिक्षा विद्यालय की प्राचार्य बहन राजकुमारी गीता कन्या की प्राचार्य सुमन बाला गीता निकेतन के प्राचार्य नारयण आदि मौजूद रहे।



### केयू के आईआईएचएस के बीएससी फिजिकल साइंस में दाखिले की दूसरी मेरिट सूची जारी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के निदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटिग्रेटिड एंड ऑनर्स स्टडीज द्वारा बीएससी फिजिकल साइंस में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए दाखिले की दूसरी मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर उपलब्ध बीएससी फिजिकल साइंस की दूसरी मेरिट सूची के अनुसार सभी अभ्यर्थियों को 10 जुलाई को कमरा संख्या 26 फिजिकल काउंसलिंग हेतु 8 बजकर 30 मिनट पर अपने संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि दाखिला फीस जमा करवाने की अंतिम तिथि 13 जुलाई 2024 निर्धारित है। प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीएससी फिजिकल साइंस में ऑल इंडिया जनरल की दूसरी मेरिट सूची 97.6 से शुरू होकर 92.2 तक, ऑल इंडिया ईडब्ल्यूएस की 87.8 से 86.2, हरियाणा जनरल की 92.2 से 78.6 पर, हरियाणा एससी की 84.6 से 82.8 तक, हरियाणा डी-एससी 75 से 56.6, हरियाणा बीसीए 86.6 से 84.8, हरियाणा बीसी बी 88 से 84.2 तथा डीए/ईएसएम/एफएफ वर्ग की 78 से 72.2 पर समाप्त हुई। उन्होंने बताया कि दूसरी मेरिट सूची की विस्तृत जानकारी केयू आईआईएचएस की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### मांगें पूरी न करने पर कर्मचारियों में रोष

**कुरुक्षेत्र।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी कुरुक्षेत्र की मीटिंग पब्लिक हेल्थ यूनियन कार्यालय में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान जितेन्द्र बंसल ने की जिसमें विशेष तौर पर रिटायर्ड कर्मचारी संघ के राज्य सचिव मान सिंह उपस्थित रहे। संचालन जिला सचिव फकीर चन्द शर्मा ने किया। जितेन्द्र बंसल ने बताया कि सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की जायज मांगों को लगातार अनदेखा कर रही है जिसके कारण रिटायर्ड कर्मचारियों में व्यापक रोष है। मान सिंह ने सभी को एकजुट रहने के लिए आदेश दिए व सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्मचारियों की मांगों कोम्यूट की गई राशि को न्यायालय के द्वारा 10 वर्ष के बाद काटने पर रोक लगाने की नीति सभी कर्मचारीयों पर लागू की जाए। पेंशनर्स को 65 वर्ष की आयु पर 10 व 75 वर्ष होने पर 20% की बेसिक वेतन वृद्धि दी जाए।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना आवश्यक : डॉ. खैहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पर्यावरण संरक्षण के लिए युवा नेता डा. जसविंद्र खैहरा ने बडी पहल करते हुए मुहिम छेड़ी है। डा. खैहरा व उनकी टीम ने पिहोवा के मुख्य चौक पर पौधों की छबील लगाई जिसमें लगभग 6 हजार पौधे वितरीत किए। इस दौरान डा. जसविंद्र खैहरा ने स्वयं छबील पर खड़े रहकर जहां लोगों को पौधे वितरीत किए वहीं जागरूक किया कि हर व्यक्ति बरसात के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करें ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। लगातार बढ रही गर्मी के कारण जहां जीव जंतु मर जाते हैं वहीं मनुष्यों का जीना भी दुभर हो जाता है। इन सबको कंट्रोल करने के लिए पौधे रोपित करने अति आवश्यक हैं। लोगों को जागरूक करते हुए डा. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि पौधरोपण सिर्फ फोटो तक ही सीमित न रखें बल्कि पौधे लगाने से लेकर बडा होने तक उसके खाद पानी की जरूरतों को भी पूरा करें ताकि पौधे फल-फूल सकें। डा. खैहरा ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में प्रत्येक वर्ष अनेकों विशेष दिन आते हैं जोकि खुशी के दिन होते हैं।

## हरियाण सरकार की प्राइवेट पॉलिसी का किया विरोध

# सांझा मोर्चा के आह्वान पर रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

- 8 जुलाई को 262 रुटो पर 3658 प्राइवेट परमिट देने का विरोध किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज सांझा मोर्चा के आह्वान पर कुरुक्षेत्र डिपो में कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें 8 जुलाई को हरियाणा सरकार द्वारा 262 रुटो पर 3658 प्राइवेट परमिट देने का विरोध किया गया। प्रदर्शन में निम्नलिखित पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधान नरेंद्र पांचाल, सचिव रणजीत करोड़ा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव राकेश कुमार, शहर सचिव नरेंद्र कुमार, ऑडिटर हरिओम, सह सचिव भोपाल सिंह, प्रेस सचिव हरिश्चंद्र मुच्छल, राज्य उप प्रधान सतबीर यादव, अरुण कुमार, रविंद्र कुमार, अनिल कुमार, गुलजार सिंह, टिंकू, जसविंदर सिंह, गुरमीत सिंह, राजेश कुमार, मनिंदर सिंह, मेघनाथ व रोहतास आदि कर्मचारी मौजूद रहे। सांझा मोर्चे के सदस्य एवं ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 के राज्य प्रधान मायाराम उनियाल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 23 जून 2023 को तत्कालीन परिवहन मंत्री, प्रधान सचिव परिवहन विभाग और विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ रोडवेज सांझ मोर्चे के बीच वार्ता हुई थी जिसमें कई मांगों पर सहमति बनी थी और हरियाणा सरकार ने मांगू लागू करने के लिए कहा था लेकिन सरकार के उच्च अधिकारियों ने रोडवेज के कर्मचारियों के साथ धोखा किया और एक भी मांग लागू नहीं की जिससे सांझा मोर्चे के आह्वान पर सभी डिपो में 26 जून 2024 को 1 दिन की भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया और कहा यदि सरकार ने 13 जुलाई तक मांगों को लागू नहीं किया तो 14 जुलाई 2024 को माननीय परिवहन मंत्री के आवास अंबाला का कर्मचारी घेराव करेंगे इसके बाद सरकार के उच्च अधिकारियों ने सांझा मोर्चे को पत्र जारी करके 10 जुलाई को वार्ता के लिए आमंत्रित किया जिससे कर्मचारियों को लगा कि शायद सरकार कुछ मांगों को लागू करेगी लेकिन 8 जुलाई को 3658 परमिट देने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया और हिसार व करनाल की केंद्रीय कर्मशाला को बंद करने का नोटिस जारी कर दिया जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है। प्रदर्शन से सांझा मोर्चा सरकार को चेताना चाहता है कि सरकार कर्मचारियों की मांगी हुई मांगों को लागू करें और प्राइवेट पॉलिसी को बंद करें अन्यथा 14 जुलाई को परिवहन मंत्री के आवास का घेराव करके सांझा मोर्चा कोई बड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लेगा जिसके जिम्मेवारी हरियाणा सरकार होगी, विभाग के उच्च अधिकारियों की होगी।

### पंचकूला हादसे पर प्रकट किया दुख

इस अवसर पर पंचकूला में हुए हादसे पर कर्मचारियों ने गहरा दुख प्रकट किया व चालक परिचालक पर हुई नाजायज विभागीय कार्रवाई का विरोध किया जिसमें वहां पर मौजूद लोगों द्वारा सड़क की खस्ता हालत की वजह से और ओवरलोड की वजह से यह हादसा हुआ है इसकी जिम्मेवारी सरकार व उच्च अधिकारियों की बनती है क्योंकि पहले सरकार एक ही बस वहां पर भेजती थी। यह हादसा होने के बाद सरकार ने कैसे दो बसों के आदेश कर दिए। इसमें चालक परिचालक का कोई कसुर नहीं है। बगैर जांच के किसी चालक परिचालक को आनंन फानन में सस्पेंड नहीं किया जा सकता। सांझा मोर्चा इसका विरोध करता है इसकी कार्रवाई उच्च अधिकारियों पर होनी चाहिए और चालक परिचालक को तुरंत बहाल किया जाए।

